**Classroom Based Assessment - 3 (Summative Assessment - 2) (2022-23)**

| | |
|---|---|
| UDISE Code : ____________ | Class : 7 |
| | Subject : Hindi |
| Child ID : ____________ | No. of Questions : 30 |
| | Total Marks : 80 |
| Child Name : ____________ | Duration : 150 minutes |

**खंड अ : नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 25 x 2 = 50

1. पुल्लिंग-स्त्रीलिंग शब्दों का जोड़ा पहचानिए । [ ]


   A) दादी - नानी

   B) चाचा - चाची

   C) बालक- बच्चे

   D) राजा - कुमार

2. चित्र में दिखाया गया आदमी कौन है ? [ ]



   A) किसान B) डाकिया C) अध्यापक D) डॉक्टर

3. चित्र में लड़कियाँ नाच ___ । [ ]



   A) रहे हैं B) रही हैं C) रहा है D) रही है

[ Turn Over

4. इनमें से समय बताने वाली वस्तु का नाम चुनिए । [ ]

A) घड़ी B) हाथ C) पंखा D) खिड़की

5. चित्र के बारे में कौन-सी बात सही है ? [ ]



A) यह खड़ी है ।

B) यह खा रही है ।

C) यह काम कर रहे हैं ।

D) यह रो रहा है ।

6. जैसे 'दाएँ' का उलटा 'बाएँ', वैसे ही 'अँधेरे' का उलटा _______ ।

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए । [ ]

A) रात B) नया C) उधर D) उजाला

7. 'पत्थर' शब्द में कौन-सा अक्षर आधा है ? [ ]

A) प B) त C) थ D) र

8. "क्या तुम मेरी <u>मदद</u> करोगे" ? [ ]

रेखांकित शब्द की जगह किस शब्द का प्रयोग किया जा सकता है ?

A) पूजा B) माफ़ी C) बढ़िया D) सहायता

9. 'कोयल' शब्द का वर्ण-विच्छेद पहचानिए । [ ]

A) क् + ओ +य् + अ + ल् + अ

B) क + ओ + य् + अ + ल् + अ

C) क + ओ + य + अ + ल्

D) क + ओ + य + अ + ल

[ Contd... 3rd

10. दूध बहुत ________ है ।

खाली स्थान के लिए उचित विशेषण शब्द चुनिए । [ ]

A) नीला B) खट्टा C) सुंदर D) गरम

11. कक्षा में शिक्षक ने कहा, "पुस्तक में लिखा पाठ पढ़ो ।" [ ]

इस वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए ।

A) कहा, लिखा, पढ़ो

B) कक्षा, शिक्षक, पाठ

C) शिक्षक, पुस्तक, पाठ

D) कक्षा में, शिक्षक ने, पुस्तक में

12. कछुआ धीरे-धीरे चलता है । [ ]

इस वाक्य में क्रियाविशेषण पहचानिए ।

A) कछुआ B) धीरे-धीरे C) चलता D) है

13. सचिन ने मेरी किताब ली है । मुझे ______ वापस चाहिए । [ ]

खाली स्थान के लिए उचित सर्वनाम चुनिए ।

A) वह B) उसे C) मैं D) तुम्हें

14. हमारी कक्षा में <u>30</u> छात्र पढ़ते हैं ।

रेखांकित अंक के लिए हिंदी गिनती का शब्द पहचानिए । [ ]

A) तीस

B) तैंतीस

C) छत्तीस

D) अड़तीस

[ Turn Over

15. हम अपने घर को महीने में एक बार सफ़ा करते हैं ।

उपर दिए गए वाक्य में कौन-से शब्द की वर्तनी गलत है ?. [ ]

A) एक B) अपने C) साफ़ D) बार

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**लैपटॉप**

आज मुझे उपहार में एक लैपटॉप मिला है । इससे पहले मेरे पास लैपटॉप नहीं था । माँ के पास काले रंग का लैपटॉप था । मेरा लैपटॉप छोटा है और नीला है । मेरे पास कुछ सी.डी. भी हैं । इनमें छोटा भीम और बाल गणेश की रोचक कहानियाँ हैं ।

ये कहानियाँ मुझे बहुत अच्छी लगती हैं । एक मज़े की बात है कि मेरे लैपटॉप में मेरी तसवीरें भी हैं । मुझे लैपटॉप में अपनी तसवीरें देखना अच्छा लगता है ।

माँ कहती हैं कि लैपटॉप पाकर मैं खाना-पीना भूल गई हूँ । खाना खाना जरूरी है । खाने से हम बड़े और मज़बूत बनते हैं । अब मैं लैपटॉप बंद करके खाना खाने जा रही हूँ । मुझे भी बड़ा होना है और ताकतवर बनना है ।



16. लड़की हमेशा ______ में लगी रहती है ।

खाली स्थान के लिए सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए । [ ]

A) खाना खाने B) लैपटॉप देखने

C) ताकतवर बनने D) माँ से बात करने

[ Contd...5th

17. लैपटॉप पाकर लड़की ______ भूल गई ।

खाली स्थान के लिए सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए । [ ]

A) खेलना B) पढ़ना

C) खाना D) सोना

18. लैपटॉप के अंदर क्या था ? [ ]

A) गाने

B) फ़िल्में

C) चुटकुले

D) कहानियाँ

19. '<u>माँ</u> कहती हैं कि लैपटॉप पाकर मैं खाना-पीना भूल गई हूँ । [ ]

वाक्य में रेखांकित शब्द का पर्यायवाची पहचानिए ।

A) महिला

B) औरत

C) माता

D) स्त्री

20. माँ के पास कौन-से रंग का लैपटॉप था ? [ ]

A) गुलाबी

B) सफेद

C) काले

D) नीले

**नीचे दी गई कविता को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**मेरें खिलौने**

मेरे खिलौने हैं अनमोल,
कोई लंबे, कोई गोल ।
कुत्ता, बंदर, भालू, शेर,
और मिट्टी के पीले बेर,
गेंद, साइकिल और बंदूक
रंग-बिरंगा सुंदर संदूक ।
प्यारी-प्यारी नन्ही गुड़िया,
लगती है जादू की पुड़िया,
मोटा जोकर ढोल बजाए,
ऊँचे-ऊँचे बोल सुनाए ।
सीढ़ी चढ़ता नटखट बंदर,
हाथ में पकड़े हुए चुकंदर,
छोटा-सा यह तीर कमान,
देखो तो भई इसकी शान ।

21. खिलौने कैसे हैं ? [ ]

A) बड़े B) लाल C) नटखट D) अनमोल

22. कौन-सा खिलौना छोटा-सा है ? [ ]

A) बेर B) ढोल C) संदूक D) तीर कमान

23. कविता के आधार पर कौन-सा वाक्य सही है ? [ ]

A) संदूक रंग-बिरंगा है । B) बंदर ढोल बजाता है ।

C) गुड़िया जादू करती है । D) जोकर ने चुकंदर पकड़ा है ।

[ Contd...7th

24. किसने हाथ में चुम्बक पकड़ा है ? [ ]

A) शेर B) भालू C) कुत्ता D) बंदर

25. किस शब्द में द्वित्वाक्षर का प्रयोग हुआ है ? [ ]

A) गेंद B) लंबी C) गोल D) कुत्ता

**खंड ब : नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 1 x 4 = 4**

26. नीचे दिए गए क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए ।

(क) बनाना

(ख) देखना

**खंड स : नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 3 x 6 = 18**

27. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए ।

1. बच्चे ने केला खाया ।

2. मेरे पास किताब है ।

3. मैदान में घोडा है ।

28. बीमारी के कारण अवकाश लेने के लिए अपने प्रधानाचार्य को 40 - 50 शब्दों में प्रार्थना पत्र लिखिए ।

29. नीचे दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर अपने प्रिय अध्यापक / अध्यापिका के बारे में तीन वाक्य लिखिए ।

- अध्यापक / अध्यापिका का नाम

- अध्यापक / अध्यापिका की जानकारी

- पसंद होने का कारण

[ Turn Over

**खंड द : नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए । 1 x 8 = 8**

30. नीचे दिए गए चित्र का वर्णन चार वाक्यों में कीजिए ।

